NCERT
National Council Of Educational Research And Training

**NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 13-अन्याय के खिलाफ(कहानी)**

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 13-अन्याय के खिलाफ (कहानी)

Class 8: Hindi Durva Chapter 13 solutions. Complete Class 8 Hindi Durva Chapter 13 Notes.

## NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 13-अन्याय के खिलाफ (कहानी)

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 13, class 8 Hindi Durva Chapter 13 solutions

**Page No 90:**

**Question 1:**

https://www.indcareer.com/schools/ncert-solutions-for-8th-class-hindi-durva-chapter-13-annyay-ke-khilaf-kahani/

(क) आंध्र के घने जंगलों में रहने वाले आदिवासियों के बीच अपना हक जमाने के लिए अंग्रेज़ों ने क्या किया?

(ख) श्री राम राजू कौन था? उसने अंग्रेज़ों के सामने आत्मसमर्पण क्यों किया?

(ग) अंग्रेज़ों से लड़ने के लिए कोया आदिवासी क्या-क्या करते थे?

कोया आदिवासियों के विद्रोह को स्वतंत्रता संग्राम क्यों कहना चाहिए?

**ANSWER:**

(क) आंध्र के घने जंगलों में रहने वाले आदिवासियों पर अंग्रेज़ों ने हुक्म जमाने के लिए कहा कि दो दिनों में जंगल में सड़क बनाने का काम शुरू होगा। सब को पहुँचना है, जो नहीं पहुँचेगा तो ठीक नहीं होगा। "उन्होंने पूछा इसके बदले क्या मिलेगा तो अंग्रेज़ों का जवाब था नौकर का काम हुक्म बजाना है। आगे सवाल मत करना।" इस तरह से वह अपना हुक्म चलाते थे।

(ख) श्रीराम राजू हाई स्कूल पास 18 वर्ष में साधू बन गए थे। वह उन जंगलों में रहने आए और आदिवासियों से घुल-मिल गए। आदिवासियों का दुख देखकर उन्होंने अंग्रेज़ों के खिलाफ़ विद्रोह शुरू कर दिया और आदिवासी भी दिल खोलकर उसमें शामिल हुए। परन्तु दो वर्ष तक कठिनाइयों का सामना करते रहने पर आदिवासी परास्त हो चुके थे। राजू ने सोचा यदि मैं आत्म समर्पण कर दूँ तो अंग्रेज़ इन्हें तंग करना बंद कर देंगे। यही सोचकर उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया।

(ग) अंग्रेज़ों से लड़ने के लिए कोया आदिवासी संकरी पगडंडियों के आसपास जंगलों में छिपे रहते थे। उन पगडंडियों  से जब अंग्रेज़ी सेना गुजरती थी, तो वह उनमें से भारतीयों सेना के लोगों को जाने देते थे और जैसे ही अंग्रेज़ी सारजेन्ट या कैप्टन आ रहा होता था,  तो उसे मार देते थे। पुलिस चौकियों या सेना पर हमला कर देते थे और अस्त्र-शस्त्र लूट कर भाग जाते थे।

यह लड़ाई अंग्रेज़ों के अत्याचारों के विरूद्ध थी। वे अंग्रेज़ी राज्य को हटाना चाहते थे इसलिए इसे स्वतंत्रता संग्राम भी कह सकते हैं।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 13, class 8 Hindi Durva Chapter 13 solutions

**Page No 90:**

**Question 2:**

"भारत के लोगों को अंग्रेज़ सरकार का सहयोग नहीं करना चाहिए और उनका काम बंद कर देना चाहिए। अगर कोई अंग्रेज़ अन्याय करेगा तो हम अन्याय सहने से इंकार करेंगे।"

ऊपर श्रीराम राजू द्वारा आदिवासियों से गाँधी जी की कही हुई बात का उल्लेख हुआ है। गाँधी जी ने स्वतंत्रता संग्राम के लिए बहुत सारी बातें कही थी। यह सब तुम्हें गाँधी जी पर लिखी गई किताबों, फ़िल्मों

और अन्य जगहों पर मिल सकता है। तुम उनकी कही हुई बातों में जो बहुत महत्वपूर्ण समझो उसको अपने साथियों को बताओ।

**ANSWER:**

गांधीजी द्वारा बोले गई कई महत्वपूर्ण बातें इस प्रकार हैं-

1. वह राजनीति निष्प्राण कि जिसमें धर्म नहीं और धर्म हीन शासन से जन कल्याण नहीं।

2. मुट्ठीभर संकल्पवान लोग, जिनकी अपने लक्ष्य में दृढ़ आस्था है, इतिहास की धारा को बदल सकते हैं।

3. बहुमत का शासन जब ज़ोर-जबरदस्ती का शासन हो जाए, तो वह उतना ही असहनीय हो जाता है जितना कि नौकरशाही का शासन।

**Page No 90:**

**Question 3:**

तुमने इस पाठ में भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले दो व्यक्तियों के नामों को जाना। एक गाँधी जी और दूसरा श्रीराम राजू। पता करो कि भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वालों में तुम्हारे प्रदेश से कौन-कौन व्यक्ति थे। उनमें से किसी एक के बारे में कक्षा में चर्चा करो।

**ANSWER:**

बहादुरशाह जफ़र, अरूणा आसफ अली, जवाहर लाल नेहरू, झाँसी की रानी महारानी लक्ष्मीबाई, शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद आदि देशभक्तों ने भारत की आज़ादी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**Page No 90:**

**Question 4:**

(i)"दो दिन में जंगल में सड़क बनाने का काम शुरू होगा। तुम सब लोगों को इस काम पर पहुँचना है। अगर नहीं पहुँचे तो ठीक नहीं होगा।"

(ii)"काम करेंगे तो बदले में क्या मिलेगा।"

ऊपर के कथनों में पहला कथन तहसीलदार बेस्टीयन का है जो आदिवासियों के गाँवों मे जाकर चिल्ला-चिल्लाकर बोला था और दूसरा कथन आदिवासियों में से किसी का है जो तहसीलदार से पूछना चाहा था। अब तुम सोचकर बताओ कि–

(क) तुम्हारे विचार से बेस्टियन का कथन ठीक होगा?

(ख) आदिवासियों में से किसी के द्वारा कहा गया वह कथन कैसा है? तुम्हारे विचार से क्या ठीक होगा?

(संकेत :-तुम अपनी पसंद के कथन को अपने ढंग से लिख सकते हो)

**ANSWER:**

(क) नहीं, हमारे विचार से बेस्टियन का कथन जबरदस्ती करने जैसा होगा।

(ख) यह कथन बिल्कुल सही था। काम के बदल मेहनताना मिलना ज़रूरी होता है। वरना मेहनत करता रहे और खाने को कुछ न मिले तो वह कैसे काम करेगा।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 13, class 8 Hindi Durva Chapter 13 solutions

**Page No 91:**

**Question 5:**

(i) सड़क बनाने में किन-किन सामानों की ज़रूरत होती है? पता करके लिखो।

(ii) इन प्रदेशों में कौन-कौन से आदिवासी रहते हैं? पता करके लिखो?

(क) झारखंड

(ख) छत्तीसगढ़

(ग) उड़ीसा

(घ) मिजोरम

(ङ) अंडमान निकोबार द्वीप समूह

**ANSWER:**

(i) सड़क बनाने में रोड़ी, डाबर, चूना, सीमेन्ट, रेता, फावड़ा, कुदाल, परात, रोड रोलर आदि की आवश्यकता पड़ती है।

(ii) (क) झारखंड- मुंडा, हो, संथाल

(ख) छत्तीसगढ़- मुरिया, हाल्बा, भतरा

(ग) उड़ीसा- कुटिया कोंध, जुंगा

(घ) मिजोरम- रियांग, मीज़ो

(ङ) अंडमान निकोबार द्वीप समूह- ओंज निकोबारी, जरावा

**Page No 91:**

**Question 6:**

(क) राजू हाई स्कूल तक पढ़ाई करने के बाद जंगलों मे रहने क्यों आया होगा?

(ख) राजू के शहीद होने का आदिवासियों के आंदोलन पर क्या असर हुआ होगा?

**ANSWER:**

(क) उसका मन संसार में फैले भ्रष्टाचार से दुखी हो गया होगा इसलिए वह साधू बन गया होगा। वह समाज से दूर हो गया होगा। साथ ही अंग्रेज़ों के प्रति उसके मन में विद्रोह था। वह जंगल में आ गया। भाग्य से उसे वहाँ साथी मिल गए।

(ख) राजू के शहीद होने पर आदिवासियों का आन्दोलन टूट गया। वे हिम्मत हार कर अंग्रेज़ों की गुलामी करने लगे। परन्तु अंग्रेज़ भी उनसे डर गए थे और उनके साथ मनमानी नहीं कर सके।

**Page No 91:**

**Question 7:**

"लोगों की बंदूकों के कारतूस खत्म हो गए।"

ऊपर का यह वाक्य इसी पाठ का है जिसमें आदिवासियों के द्वारा बंदूकों व कारतूसों के प्रयोग का भी प्रमाण मिलता है। इस पाठ की खोज़बीन करो तो पाओगे कि आदिवासी "पुलिस चौकियों या सेना पर हमला कर देते थे और उनके अस्त्र-शस्त्र लूटकर भाग जाते थे।" अब तुम ज़रूर समझ गए होगे कि आदिवासियों ने बंदूकों व कारतूसों का प्रयोग कैसे किया। 'कारतूसों' ने सन् 1857 में स्वतंत्रता की चिंगारी को फैलाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समूह बनाकर इसके बारे में खोज़बीन करो। कक्षा के प्रत्येक समूह में से एक प्रतिनिधि सबको अपनी खोज़बीन के बारे में बताएगा।

**ANSWER:**

इस विषय पर सभी छात्र एकसाथ रहकर खोजबीन करें। यह भाग आपकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने और परखने के उद्देश्य से रखा गया है। अत:इसका उत्तर आप स्वयं करें।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 13, class 8 Hindi Durva Chapter 13 solutions

**Page No 91:**

**Question 8:**

नीचे लिखे वाक्यों में मुहावरों का प्रयोग किया गया है। इन्हीं मुहावरों का प्रयोग करते हुए तुम कुछ नए वाक्य बनाओ।

(क) एक सिपाही ने उसका काम तमाम कर दिया।

(ख) आदिवासियों की हिम्मत जवाब देने लगी।

(ग) अंग्रेज़ों ने अपने दांतों तले उँगली दबा ली।

(घ) किसी को कानो-कान खबर न हो।

(ङ) अंग्रेज़ सरकार के छक्के छूट गए।

(च) अंग्रेज़ों के होश उड़ गए।

(छ) भारतीय सैनिकों का बाल बाँका न होने पाए।

**ANSWER:**

(क) युद्ध में अनेकों गद्दारों का काम तमाम हो गया।

(ख) माँ की मृत्यु के बाद वह समाज से लड़ती रही परन्तु फिर उसकी हिम्मत जवाब देने लगी।

(ग) इतनी सुन्दर कढ़ाई देखकर सबने दाँतों तले उँगली दबा ली।

(घ) राम ने इतनी सफ़ाई से घर खाली कर दिया कि किसी को कानों-कान खबर न हुई।

(ङ) चोर की इतनी मार पीट हुई कि उसके छक्के छूट गए।

(च) जैसे ही मोहन ने सेठ जी को पैसे लेने आते देखा तो उसके होश उड़ गए।

(छ) देखो ज़रा सम्भाल कर काम करना काँच की चीज़ों का बाल भी बाँका न हो।

**Page No 92:**

**Question 9:**

आदिवासियों के साथ मन-मर्जी नहीं की जा सकती। उसके पास कई मन गेहूँ था।

ऊपर के पहले वाक्य में 'मन' का मतलब है –दिल, हृदय।

दूसरे वाक्य में 'मन' नाप-तौल का एक शब्द है। इस तरह मन के दो अर्थ हैं। ऐसे शब्दों को अनेकार्थक शब्द कहते हैं। नीचे दिए गए शब्दों को पढ़ो और वाक्य बनाओ।

| | | |
|---|---|---|
| सोना | – | सो जाना (नींद)स्वर्ण, एक धातु |
| उत्तर | – | एक दिशा जवाब |
| हार | – | पराजय, हार जाना माला |

**ANSWER:**

सोना –सो जाना, नींद –वह अब गहरी नींद सोना चाहता है।

स्वर्ण –उसके पास स्वर्ण के आभूषण हैं।

उत्तर –एक दिशा –हिमालय उत्तर दिशा में है।

जवाब –तुम्हारा उत्तर सही है।

हार –पराजय –महाराणा प्रताप ने अकबर को पराजित किया।

माला –यह हार चमेली के फूलों का है।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 13, class 8 Hindi Durva Chapter 13 solutions

**Page No 92:**

**Question 10:**

(क) सिपाही ने राजू पर गोली चलाई।

सिपाहियों ने ..........................................

(ख) उगी हुई फसल को जलाया जाने लगा।

..........................................................

(ग) आदिवासी की हिम्मत जवाब दे गई।

..........................................................

(घ) आगे से यह सवाल मत पूछना।

............................................................

**ANSWER:**

(क) सिपाही ने राजू पर गोली चलाई।

सिपाहियों ने राजू पर गोलियाँ चलाई।

(ख) उगी हुई फसल को जलाया जाने लगा

उगी हुई फसलों को जलाया जाने लगा।

(ग) आदिवासी की हिम्मत जवाब दे गई।

आदिवासियों की हिम्मत जवाब दे गई।

(घ) आगे से यह सवाल मत पूछना।

आगे से ये सवाल मत पूछना।

अथवा

आगे से इन सवालों को मत पूछना।

**Page No 92:**

**Question 11:**

भाववाचक संज्ञा से विशेषण बनाओ।

| | |
|---|---|
| घमंड | घमंडी |
| हिम्मत | ..................... |
| साहस | ..................... |

| | |
|---|---|
| स्वार्थ | .................... |
| अत्याचार | .................... |
| विद्रोह | .................... |

**ANSWER:**

| | |
|---|---|
| घमंड | घमंडी |
| हिम्मत | हिम्मती |
| साहस | साहसी |
| स्वार्थ | स्वार्थी |
| अत्याचार | अत्याचारी |
| विद्रोह | विद्रोही |

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 13, class 8 Hindi Durva Chapter 13 solutions

IndCareer

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 8 Hindi Durva :


- Chapter 1 -गुड़िया कविता
- Chapter 2-दो गौरेया (कहानी)
- Chapter 3-चिट्ठियों में यूरोप (पत्र)
- Chapter 4-ओस (कविता)
- Chapter 5-नाटक में नाटक (कहानी)
- Chapter 6-सागर यात्रा (यात्रा वृत्तांत)
- Chapter 7- उठ किसान ओ (कविता)
- Chapter 8-सस्ते का चक्कर (एंकाकी)
- Chapter 9-एक खिलाडी की कुछ यादें (संस्मरण)
- Chapter 10-बस की सैर (कहानी)
- Chapter 11-हिन्दी ने जिनकी जिंदगी बदल दी (भेंटवार्ता)
- Chapter 12-आषाढ़ का पहला दिन (कविता)
- Chapter 13-अन्याय के खिलाफ(कहानी)
- Chapter 14-बच्चों के प्रिय श्री केशव शंकर पिल्लै (व्यक्तित)
- Chapter 15-फ़र्श पर (कविता)
- Chapter 16-बूढ़ी अम्मा की बात (लोककथा)
- Chapter 17-वह सुबह कभी तो आएगी(निबंध)




IndCareer

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.